हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 1 मई 2026

13 कृषि समझौते को लेकर किसानों में भारी रोष



14 पलक, पारुल व मुस्कान बनीं मिस फेयरवेल



**खबर संक्षेप**

### परीक्षा केंद्र पर सीएम फ्लाइंग का छापा

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रही ओपन स्कूल की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के दौरान वीरवार को सीएम फ्लाइंग व शिक्षा विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम ने परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर व्यवस्थाओं और रिकॉर्ड की जांच की। सीएम फ्लाइंग टीम में एसआई राम निवास शामिल रहे, जबकि शिक्षा विभाग की ओर से भदानी स्कूल के प्रिंसिपल ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर मौजूद रिकॉर्ड, परीक्षार्थियों की उपस्थिति और अन्य दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान कोई अनियमितता नहीं मिली और सभी रिकॉर्ड सही पाए गए।

### दोपहर तक तपिश, शाम को चली ठंडी हवा

**बहादुरगढ़।** वीरवार को भी मौसम बदला-बदला रहा। दोपहर तक तेज धूप के कारण तीखी गर्मी महसूस हुई लेकिन शाम को ठंडी तेज हवा चली। इस वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को दिन की शुरुआत सामान्य रही, लेकिन दोपहर तक तेज धूप के कारण गर्मी ने लोगों को परेशान किया। दिन चढ़ने के साथ तापमान में बढ़ोतरी महसूस की गई। दोपहर बाद मौसम नरम हुआ। देर शाम ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्मी से हल्की राहत मिली। वीरवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बेरी निगम कार्यालय में बिजली अदालत आज

**झज्जर।** बिजली निगम डिवीजन बेरी के उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए शुक्रवार को बिजली अदालत और उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक की सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल, कनेक्शन, लोड संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोई उपभोक्ता फैंसले से संतुष्ट नहीं है तो वह अपनी शिकायत अध्यक्ष अभियंता झज्जर के समक्ष रख सकता है।

### अधूरी सड़क से लोग परेशान

**बहादुरगढ़।** नयागांव चौक के पास पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही आरएमसी सड़क का काम कई महीनों से अधूरा पड़ा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोगों ने भाजपा नेता जसबीर सैनी को मौके पर बुलाकर स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क को महीनों पहले उखाड़ दिया गया था और हाल ही में इसे आधा-अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया। अधूरी सड़क के कारण एक तरफ सीसी रोड और दूसरी तरफ खराब रास्ता होने से रोजाना दुर्घटना तथा जाम की स्थिति बन रही है। जसबीर सैनी ने मौके पर संबंधित विभाग के एसडीओ से बात कर सड़क का काम जल्द पूरा कराने की मांग की।

### आज से हड़ताल पर रहेंगे सफाई कर्मी

**बहादुरगढ़।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर 1 व 2 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर वीरवार को नगर परिषद बहादुरगढ़ इकाई में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने की और संचालन उप प्रधान अजय ने किया। जिला प्रधान राजेंद्र तूषामड़ ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए हड़ताल को सफल बनाने की अपील की। बैठक में झज्जर के पैरोल कर्मचारी राजेश की भूख हड़ताल के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद हुई मृत्यु पर शोक व्यक्त किया गया। कर्मचारियों ने सरकार से मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

---

बहादुरगढ़ की पांच गाड़ियों के अलावा दिल्ली से भी दमकल गाड़ी बुलाई

# फार्मास्युटिकल कंपनी में लगी भीषण आग

**घटना से फैक्ट्री मालिक को काफी हानि हुई**

**जांच के बाद वास्तविक कारणों का खुलासा होगा**

**मालिक के बयान और जांच के बाद ही नुकसान का सही आंकलन हो सकेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र पार्ट-1 स्थित एक फार्मास्युटिकल कंपनी में वीरवार की दोपहर को भीषण आग लग गई। केमिकल आदि ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग बुरी तरह से भड़क गई। दूर-दूर तक काला धुआं छा गया। आग पर नियंत्रण पाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। देर शाम तक परिसर में आग सुलगी हुई थी।

आग लगने की यह घटना फार्मा कैम कंपनी में हुई। जानकारी के अनुसार, वीरवार की दोपहर को यहां काम चल रहा था। अचानक केमिकल वाले हिस्से में आग सुलग गई और तेजी से फैल गई। कर्मचारियों ने तुरंत भागकर अपनी जान बचाई और दमकल विभाग को सूचना दी गई। जब तक दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचती, आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी।

बहादुरगढ़ की पांच गाड़ियों के अलावा दिल्ली से भी दमकल गाड़ी बुलाई गई। कुछ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया, हालांकि देर शाम तक पूरी तरह से बुझ नहीं सकी थी। इस घटना से फैक्ट्री मालिक को काफी हानि हुई है। मशीनों, माल व भवन को क्षति पहुंची है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। जांच के बाद वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।

मालिक के बयान और जांच के बाद ही नुकसान का सही आंकलन हो सकेगा। सब फायर आफिसर रवींद्र कुमार का कहना है कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। आग पर नियंत्रण पा लिया गया है।





**बहादुरगढ़।** फैक्ट्री के एक हिस्से में लगी आग व आग बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी। फोटो : हरिभूमि



**बहादुरगढ़।** केमिकल ड्रमों को सुरक्षित ले जाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

---

सुअर फार्म में लगी आग

# ढराणा : आगजनी में 30 से अधिक सुअरों की मौत

> फार्म का मालिक सुअरों को नहलाने व फीड देने के बाद किसी काम से गया था रोहतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

खेतों में खड़े फसल अवशेषों में लगने वाली आग मानव व पशु जीवन पर भारी पड़ रही है। अभी चार-पांच दिन पहले जहां खेतों में फैली आग के कारण एक सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई वहीं वीरवार को क्षेत्र के गांव ढराणा में हुई आगजनी की घटना में 30 से अधिक सुअर आग की भेंट चढ़ गए। जानकारी के अनुसार ढराणा गांव के काहनौर रोड स्थित खेतों में राजेश पुत्र मलखान द्वारा एक सुअर फार्म खोल रखा है। पिछले करीब डेढ़ वर्ष पहले खोले गए इस फार्म में उसने सुअरों के रहने के लिए अलग-अलग कैबिन बनाए थे।

वह फार्म पर ही रहकर पाले गए 40 से अधिक सुअरों की देखभाल करता था। वीरवार राजेश उन्हें नहलाने व फीड खिलाने के बाद फार्म को ताला लगाकर किसी काम से रोहतक चला गया। इसी दौरान दोपहर करीब एक बजे अज्ञात कारणों से खेतों में लगी आग सुअर फार्म तक जा पहुंची। चारों ओर लगी इस आग के कारण फार्म में बंद 30 से अधिक सुअर झुलस कर मर गए।

#### फार्म पर लगी थी कुंडी बाहर नहीं निकल पाए सुअर

परिजनों ने बताया कि फार्म में सुअरों को गर्मी से बचाने के लिए कैबिनों पर लोहे की टिन व बांस बल्ली लगाकर उस पर पराली डाली गई थी। जब खेतों में लगी आग फार्म तक पहुंची तो वहां की बांस बल्लियों व पराली ने भी आग पकड़ ली। फार्म का दरवाजा बंद होने के कारण वहां मौजूद सुअर इसी आग में झुलसते हुए तड़प-तड़प कर मर गए। उन्होंने बताया कि फार्म में जहां हाल ही मादा सुअर ने कई बच्चों को जन्म दिया था वहीं बीस से अधिक व्यस्क सुअर करीब दो से तीन क्विंटल वजन तक के थे।

पीड़ित राजेश के चचेरे भाई साहिल ने बताया कि उन्होंने आगजनी की इस घटना की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को भी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पीड़ित के चाचा राय सिंह ने बताया कि जब राजेश को इस घटना का पता चला तो वह सुध-बुध खो बैठा। इस हादसे में उसका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने जिला प्रशासन से राजेश को आर्थिक सहायत मुहैया कराने की गुहार लगाई है ताकि वे अपना काम फिर से शुरू कर सकें।

---

# नारी शक्ति वंदन बिल को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने किया विरोध-प्रदर्शन

**भाजपा कार्यालय में हुआ जन आक्रोश महिला सम्मेलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा महिला मोर्चा ने वीरवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी दलों के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सोमवती जाखड़ और नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने पुराने कोर्ट के सामने भाजपा कार्यालय के बाहर पुतला फूंककर विरोध जताया।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने संसद में नारी शक्ति वंदन बिल को पारित नहीं होने दिया, जिससे महिलाओं के अधिकार प्रभावित हुए हैं। इसी के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया और आगे भी आंदोलन जारी रखने की बात कही गई। इससे पहले भाजपा कार्यालय में जन आक्रोश महिला सम्मेलन आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, संगठन को मजबूत करने और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सोमवती जाखड़ रहीं। जाखड़ ने विपक्ष पर महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल को रोकना महिलाओं के साथ अन्याय है। सरोज राठी ने भी विपक्ष और राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि महिलाओं के हक की बात करने वाले ही इस महत्वपूर्ण बिल के विरोध में खड़े हुए। कार्यक्रम में राजबाला, सुदेश रंगा, प्रोमिला, कांता, कामिनी, सीमा पांचाल, मधु मित्तल, रेणु, किरण बंसल, ऋतु, प्रवीण, सोनू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**बहादुरगढ़।** शहर में विपक्षी दलों के खिलाफ किया जा रहा प्रदर्शन। फोटो : हरिभूमि

---

# दो लाख 34 हजार 636 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**जिले की अनाज मंडियों में खरीदे गए गेहूं का उठान बेहद जरूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि जिले की अनाज मंडियों में खरीदे गए गेंहू का उठान बेहद जरूरी है, ऐसे में गेहूं खरीद कर रही एजेंसियों के अधिकारी उठान कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने बताया कि जिला की मंडियों और खरीद केंद्रों में अब तक दो लाख 34 हजार 636 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज, जबकि एक लाख 97 हजार 519 मीट्रिक टन से अधिक की खरीद व एक लाख 41 हजार 882 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है।

झज्जर अनाज मंडी में 64 हजार 650 मीट्रिक टन, बादली में 16 हजार 844 मीट्रिक टन, ढाकला में 15 हजार 59 मीट्रिक टन, बेरी में 50 हजार 922 मीट्रिक टन, मातनहेल में 35 हजार 869 मीट्रिक टन, माजरा डी खरीद केंद्र पर 21 हजार 399 मीट्रिक टन, छारा में 15 हजार 49 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 1 हजार 887 मीट्रिक टन तथा आसौदा में 12 हजार 957 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। वहीं झज्जर मंडी में 51 हजार 147 मीट्रिक टन, बादली में 13 हजार 616 मीट्रिक टन, ढाकला में 13 हजार 469 मीट्रिक टन, बेरी में 41 हजार 972 मीट्रिक टन, मातनहेल में 31 हजार 835 मीट्रिक टन, माजरा डी में 20 हजार 335 मीट्रिक टन, छारा में दस हजार 966 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 1 हजार 887 मीट्रिक टन तथा आसौदा में 12 हजार 292 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है।

झज्जर मंडी में 40 हजार 830 मीट्रिक टन, बादली में सात हजार 800 मीट्रिक टन, ढाकला में सात हजार 318 मीट्रिक टन, बेरी में 26 हजार 795 मीट्रिक टन, मातनहेल में 27 हजार 961 मीट्रिक टन, माजरा डी में 15 हजार 647 मीट्रिक टन, छारा में पांच हजार 968 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 1 हजार 491 मीट्रिक टन तथा आसौदा में आठ हजार 73 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है।



**झज्जर।** अनाज मंडी में पैकिंग कार्य में जुटे श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

#### मंडी में अब भी आ रहा गेहूं

**बहादुरगढ़।** गेहूं सीजन अब अंतिम दौर में पहुंचता नजर आ रहा है। वीरवार को बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में केवल 7 गेट पास कटने के बाद 1752 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। वहीं आसौदा मंडी में 18 गेट पास के जरिए 899 क्विंटल गेहूं मंडी में पहुंचा। बहादुरगढ़ और आसौदा मंडी में अब तक कुल 1 लाख 63 हजार 655 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इसमें से 1 लाख 43 हजार 539 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद की जा चुकी है। उठान की बात करें तो बहादुरगढ़ मंडी में अब तक 94.40 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है, जबकि आसौदा मंडी में 72.49 प्रतिशत उठान दर्ज किया गया है।

---

# सचिन जून ने डॉ. सनोज के साथ उत्तराखंड में लिए फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून के पुत्र सचिन जून वीरवार को उत्तराखंड स्थित त्रियुगी नारायण मंदिर में डॉ. सनोज के साथ वैवाहिक बंधन में बंध गए। धार्मिक रीति-रिवाजों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस शुभ विवाह समारोह में परिवारजन, करीबी रिश्तेदार और विशेष अतिथि मौजूद रहे। पवित्र धाम में आयोजित इस समारोह ने पारंपरिक भारतीय संस्कृति की झलक पेश की। इससे पहले मंगलवार को हुई सगाई में सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत कर सचिन जून को आशीर्वाद दिया था।



- पवित्र धाम में आयोजित समारोह ने पारंपरिक भारतीय संस्कृति की झलक पेश की

**बहादुरगढ़।** धर्मपत्नी डॉ. सनोज के साथ सचिन जून। फोटो : हरिभूमि

---

# पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को दिया बहादुरगढ़ आने का निमंत्रण

**बहादुरगढ़।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, भाजपा नेता मुकेश कौशिक तथा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक प्रदीप राठी ने हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांवों में चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। स्थानीय नेताओं ने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पंचायत मंत्री को बहादुरगढ़ के दौरे का निमंत्रण भी दिया, जिसे उन्होंने सकारात्मक रूप से स्वीकार करने का आश्वासन दिया।



**बहादुरगढ़।** मंत्री कृष्णलाल पंवार से मुलाकात करते भाजपा नेता।

---

### पौधों को पानी देते समय करंट की चपेट आया युवक, मौत

**झज्जर।** गांव गोच्छी में पौधों को पानी देते हुए समय एक युवक अचानक करंट की चपेट में आ गया। जिस कारण उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 29 वर्षीय हरीश पुत्र सुरेंद्र के तौर पर हुई है। हरीश अविवाहित था और खेती बाड़ी का काम करता था। मामले के जांच अधिकारी एसआई राजेश ने बताया कि जब हरीश वीरवार की दोपहर करीब ढाई बजे अपने प्लाट में मोटर चलाकर पौधों को पानी दे रहा था अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। इसके बाद गंभीर रूप से घायल हरीश को सीएचसी डीघल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा के अशोक कुमार के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

---

सत्तू का शर्बत जहां गर्मियों में चलने वाली लू से बचाता है वहीं मोटापा दूर करने में भी है सहायक

# फास्ट फूड की दौड़ में अपनी पहचान खोता जा रहा बुजुर्गों का पसंदीदा सत्तू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

फास्ट फूड की दीवानी युवा पीढ़ी अपने पारंपरिक खान-पान को भूलती जा रही है। सेहत और स्वास्थ्य के मामले में वर्तमान में प्रचलित चाऊमिन, डोसा, बर्गर, पिज्जा, फिंगर चिप्स आदि पौराणिक व्यंजनों में शुमार बाजरे की रोटी, चने का हरा साग, कचरी की सब्जी, गुड़-धानी और धानी से बनाए गए सत्तू के सामने फीके नजर आते हैं।

- अब केवल शौक पूरा करने के नाम पर होती है सत्तू की खरीदारी

पहले के जमाने में गर्मियों में चलने वाली लू से बचाने के लिए सत्तू रामबाण का काम करता था। लोग इसका उपयोग शर्बत बनाकर या शिंकजी की तरह करते थे जो शरीर को आजकल के ग्लूकोन-डी से बेहतर फायदा पहुंचाता था। बदलते परिवेश में अब सत्तू व धानी खान-पान की सूची से बाहर होते जा रहे हैं। पहले जहां गर्मियों के दिनों में जौ से बनी हुई धानी व सत्तू का उपयोग घर-घर में होता था वहीं अब यह केवल बुजुर्गों की डिमांड पर या शौकिया तौर पर घरों में लाया जाता है। शीतल पेय के रूप में सत्तू का उपयोग अब केवल घर के बुजुर्गों द्वारा ही किया जाता है। गुड़ और धानी तो चखने तक ही सीमित रह गए हैं।



**झज्जर।** पुराना बस स्टैंड के पीछे स्टॉलों पर खरीदारी करते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

#### धानी भुनवाने के लिए एक दिन पहले भिगो कर रखा जाता था जौ


करीब अस्सी वर्षीय बुजुर्ग दंपत्ति मांगेराम नंदा व बसंती देवी बताते हैं कि उन्हें छह दशक पहले का वो नजारा अभी तक याद है जब वे धानी भुनवाने के लिए कई-कई घंटों इंतजार करते रहते थे। धानी भुनवाने के लिए एक दिन पहले ही जौ को भिगो कर रखा जाता था। फिर उसे सुखाने के बाद ही धानी तैयार कराई जाती थी। कई बार आलम यह रहता था कि सुबह-सवेरे जाने के बावजूद उनका नंबर दोपहर तक आता था। धानी को घर लाकर उसे गुड़ के साथ खाते थे जो बड़ी ही स्वादिष्ट लगती थी। ऐसा ही कुछ हाल सत्तू का भी था।

#### पुराना बस स्टैंड के पीछे लगती है सत्तू और धानी की स्टाल

शहर के पुराने बस स्टैंड की पीछे रहने वाले एक विशेष जाति के लोगों द्वारा वर्तमान में सत्तू व धानी की बानगी अपनी स्टॉलों पर लगाई जाती है। सत्तू विक्रेता मनोज ने बताया कि पहले के दिनों में उनके अभिभावक दूर-दराज के गांवों में भाड़ लगाकर स्पेशल धानी भूनने के लिए जाया करते थे। आजकल सत्तू व धानी की बिक्री इतनी नहीं है, लेकिन अमीर लोग शीतल पेय के तौर पर इसे खरीद ले जाते हैं। इसी प्रकार सत्तू व धानी विक्रेता महिला कांता देवी ने बताया कि शहर के अलावा गुरूग्राम, फरीदाबाद व दिल्ली क्षेत्र से भी लोग सत्तू व धानी की खरीददारी के लिए यहां आते हैं। उनके यहां जौ वाला सत्तू एक सौ रुपये प्रति किलोग्राम तथा चने से बना सत्तू 120 रुपये प्रति किलोग्राम दिया जा रहा है। इसी मौसम में उपयोग होने वाली घाट सत्तर रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध है।

### विरोध प्रदर्शन करते हुए समझौता रद्द करने की मांग

# कृषि समझौते को लेकर किसानों में भारी रोष



झज्जर। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

### सरकार को किसानों और मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए फैसला लेना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ संभावित कृषि समझौतों के विरोध में वीरवार को किसानों द्वारा प्रदर्शन किया गया। लघु सचिवालय में एकत्रित किसानों ने जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज कर समझौता रद्द करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान किसान नेता तेजबीर ने कहा कि यदि सरकार ने अमेरिका या अन्य देशों के साथ कृषि समझौते किए तो इसका सीधा असर देश के छोटे और मध्यम किसानों पर पड़ेगा। इससे कृषि क्षेत्र में कॉरपोरेट हस्तक्षेप बढ़ेगा और किसानों की आय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों और मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए फैसला लेना चाहिए। किसान किसी भी हालत में अपने अधिकारों से समझौता नहीं करेंगे। प्रदर्शन के उपरांत यूनियन सदस्यों ने तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में किसानों ने सरकार से मांग की है कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय कृषि समझौते से पहले किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन लेने के बाद तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि वे उनकी मांगों को उच्च स्तर तक पहुंचाएंगे। किसानों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

# नगर परिषद के सफाई कर्मचारी आज से दो दिन की पूर्णतया हड़ताल पर

- नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने धरनारत दमकल विभाग कर्मियों का भी समर्थन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। नगर परिषद परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी।

विभिन्न लंबित मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी शुक्रवार से दो दिन की हड़ताल पर रहेंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि दो दिवसीय हड़ताल के बाद भी अगर सरकार उनकी मांगे पूरा नहीं करती है तो आंदोलन तेज किया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी। यूनियन के इकाई प्रधान शिवम ने बताया कि 1 व 2 मई पूर्ण हड़ताल करेंगे। यदि फिर भी उनकी कोई सुनवाई नहीं होती है तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन हड़ताल में तबदील की जाएगी। उनकी मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, जब तक पक्के नहीं होते तब तक 30 हजार रुपये न्यूनतम वेतन देना, 400 की आबादी के हिसाब से एक कर्मचारी की नियुक्त करना, शहर की जनसंख्या को देखते हुए नगर परिषद में सफाई कर्मचारियों की भर्ती करना, सेवानिवृत पर सफाई कर्मचारी को 10 लाख रुपये की राशि प्रदान करना आदि शामिल हैं। उधर, नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने धरनारत दमकल विभाग कर्मियों का भी समर्थन किया और हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।



### एसडीएम ने फसल अवशेष न जलाने के प्रति जागरूक करने के दिए निर्देश

बेरी। फसल अवशेष जलाना कानूनी अपराध है। इससे न केवल वातावरण दूषित होता है बल्कि कीट मित्र भी नष्ट हो जाते हैं। खेत मालिकों को फसल अवशेष ना जला कर उनका उचित प्रबंधन करना चाहिए। यह बात एसडीएम रेणुका नांदल ने खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में फसल अवशेष प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। गांवों में ग्राम सभा के जरिए किसानों को फसल अवशेष ना जलाने के प्रति जागरूक करें। साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। सैटेलाइट के माध्यम से आगजनी से जुड़ी लोकेशन ट्रेस करते हुए संबंधित खेत मालिक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### सार्वजनिक परिवहन का कम उपयोग चिंता का विषय: प्रदीप यादव



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

*झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग एवं सड़क सुरक्षा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा एवं यातायात गतिशीलता में ट्रैफिक मनोविज्ञान की भूमिका विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि स्मार्ट सिटी से अधिक स्मार्ट नागरिकों की आवश्यकता है, जिनमें बेहतर यातायात एवं सड़क समझ हो। ट्रैफिक साइकोलॉजी सड़क उपयोगकर्ताओं के व्यवहार तथा उससे जुड़े मनोवैज्ञानिक कारकों का वैज्ञानिक अध्ययन करती है। इसका उद्देश्य परिवहन नेटवर्क में लोगों एवं वस्तुओं की सुगम, तीव्र एवं प्रभावी आवाजाही सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि कर्तव्यनिष्ठा एवं सहमतिशीलता जैसे गुण सड़क सुरक्षा एवं यातायात गतिशीलता के लिए सकारात्मक सिद्ध होते हैं, जबकि आवेगशीलता, रोमांच-प्रवृत्ति तथा न्यूरोटिसिज्म जैसे गुण नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने एवं नवीनीकरण प्रक्रिया में व्यक्तित्व परीक्षण को अनिवार्य किया जाना चाहिए। निजी वाहनों पर अत्यधिक निर्भरता तथा सार्वजनिक परिवहन का कम उपयोग चिंता का विषय है। वाहन खरीद आवश्यकता के आधार पर होनी चाहिए, न कि प्रतिष्ठा के प्रदर्शन के लिए। वाहन खरीदते समय आकर्षक डिजाइन की बजाय सुरक्षा सुविधाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी पंकज यादव, विप्लव शर्मा और आन्या सांगवान उपस्थित रहे।*

### 37 साल की सेवा के बाद दो पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त

*झज्जर। पुलिस विभाग में लंबे समय तक ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं देने वाले दो कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में दोनों कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी अकाउंटेंट बिजेंद्र ने 1 दिसंबर 1988 को सिपाही के पद पर अपनी सेवा की शुरुआत की थी। अपने करियर के दौरान उन्होंने आईजी ऑफिस रोहतक, सोनीपत सहित कई स्थानों पर अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। उन्होंने कुल 37 साल 5 महीने तक विभाग की सेवा की और अपने कार्यकाल में अनुशासन और निष्ठा की मिसाल कायम की। वहीं विनोद कुमार ने भी 1 दिसंबर 1988 को मधुबन की चौथी बटालियन में भर्ती होकर अपने सेवा जीवन की शुरुआत की थी। उन्होंने हिसार, भिवानी, हांसी सहित विभिन्न स्थानों पर सेवाएं दीं और वर्तमान में एसएचओ सदर झज्जर के पद पर तैनात थे। उन्होंने भी 37 साल 5 महीने तक विभाग की सेवा करते हुए अपनी कर्तव्यनिष्ठा और साहस का परिचय दिया।*



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सेवानिवृत्त कर्मचारी, उनके परिजन व पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह। फोटो : हरिभूमि

### हर घर की गिनती से बनेगी विकास की नई नीति, आज से शुरू होगी डिजिटल जनगणना



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल।

*झज्जर। जिले में आगामी जनगणना-2027 को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की तैयारियां तेज हो गई हैं। डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि "जनगणना से जनकल्याण" की थीम पर आधारित यह अभियान न केवल आंकड़ों का संकलन होगा, बल्कि आने वाले वर्षों में विकास नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत ढांचे की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वीरवार को इस विषय को लेकर जनगणना निदेशक ललित जैन ने वीसी के माध्यम से झज्जर सहित प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्त और अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा की। वीसी के बाद अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि 1 मई से प्रगणक घर-घर जाकर डेटा एकत्र करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत क्रियान्वित किया जाएगा। इस महाअभियान में जिला के लगभग ढाई हजार से ज्यादा अधिकारी व कर्मचारी, जिनमें 2185 एनमरेटर,365 सुपरवाइजर और 8 चार्ज अधिकारी जुड़े हुए हैं, जिन्हें पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।*

### हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता में राजेश ने पाया पहला स्थान



झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में वीरवार को हिंदी साहित्य परिषद के तत्वावधान में हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप ने किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर कुलदीप, शिव शंकर और सुदेश कुमारी ने किया। एमए हिंदी द्वितीय वर्ष के छात्र राजेश ने पहला, एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति ने दूसरा तथा एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की छात्रा सारिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर हिन्दी प्राध्यापक डॉक्टर सुरजीत सिंह तथा मोनू कुमारी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने मनाया बर्थ-डे सेलिब्रेशन



झज्जर। संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में वीरवार को बर्थ-डे सेलिब्रेशन मनाया गया। नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी रंग-बिरंगे कपड़ों में विद्यालय पहुंचे। उन्होंने हास्यप्रद कविताएं और नृत्य जैसी गतिविधियों का आनंद लिया। विद्यार्थियों ने केक काटकर और ट्रॉफी खिलाकर अपने सहपाठियों और शिक्षकों का मुंह मीठा कराया। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाना है। उन्होंने विद्यार्थियों को गर्मी के दिनों में स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि दिन भर में खूब पानी पीयें, हल्के सूती वस्त्र पहने, जहां तक संभव हो छाया में रहे, ठंडे पानी से स्नान करें और गर्म चीजे खाने से बचें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक माह में शस्त्र उपयोग की जानकारी देना अनिवार्य



झज्जर। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह द्वारा शस्त्र लाइसेंस धारकों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। यह निर्देश हरियाणा सरकार के गृह विभाग के आदेशों के अनुपालन में जारी किए गए हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य लाइसेंसी शस्त्रों के उपयोग की निगरानी को सुदृढ़ करना है। उन्होंने जिले के सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों एवं गन हाऊस संचालकों को निर्देश दिए कि यदि कोई लाइसेंसधारी अपने शस्त्र का उपयोग करता है, तो उसे 30 दिनों के भीतर इसकी सूचना संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकरण को देना अनिवार्य होगा। इस सूचना में शस्त्र उपयोग की तिथि, स्थान, उद्देश्य और उपयोग किए गए कारतूसों की संख्या का स्पष्ट विवरण देना होगा। शस्त्र के उपयोग के बाद खाली कारतूसों को लाइसेंसिंग प्राधिकरण में जमा कराना जरूरी है। यदि किसी कारणवश खाली कारतूस उपलब्ध नहीं हैं, तो उसका उचित कारण लिखित रूप में प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई लाइसेंसधारी निर्धारित समय पर जानकारी नहीं देता या गलत जानकारी प्रदान करता है, तो उसके शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण में बाधा आ सकती है या लाइसेंस रद्द किया जा सकता है।

### शहर में आज निकाली जाएगी मैत्री एवं शांति शोभायात्रा

झज्जर। तस्स मेतायान ट्रस्ट द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मैत्री एवं शांति शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। बुद्ध सासन मेतायान अकादमी से शुरू होने वाली इस यात्रा उद्देश्य दुःख मुक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंचाना है। ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप राजवर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे मंगल भावना से होगी, जिसमें श्रद्धालु भगवान बुद्ध को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा बुद्ध सासन मेतायान अकादमी से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, मुख्य बाजार, डायमंड चौक और चौपटा बाजार से होते हुए पुनः अकादमी परिसर में पहुंच कर संपन्न होगी। यात्रा के माध्यम से लोगों में अहिंसा, करुणा, मैत्री और शांति का संदेश दिया जाएगा। इसके अलावा यात्रा के दौरान भगवान बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों को झांकियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

### श्रमिकों को बिस्किट वितरित कर उनके स्वस्थ और सुरक्षित जीवन की कामना की

# श्रमिक सम्मान और बुद्ध के संदेशों से गूंजा कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा श्रमिक दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने मजदूरों के योगदान को रेखांकित करते हुए समाज में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने संदेश दिया कि किसी भी देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में श्रमिक वर्ग आधार स्तंभ की भूमिका निभाता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि राष्ट्र के विकास में श्रमिकों का योगदान अहम है और उनके बिना किसी भी उपलब्धि की कल्पना संभव नहीं। स्वयंसेविकाओं ने श्रमिकों को बिस्किट वितरित कर उनके स्वस्थ और सुरक्षित जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से महात्मा बुद्ध के जीवन और उनके संदेशों को समुदाय तक पहुंचाया।



बहादुरगढ़। प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षकों व विद्यार्थियों ने किया श्रमिकों का सम्मान



झज्जर। किड्ज शैशव स्कूल, तिरंगा इंटरनेशनल स्कूल व किड्ज शैशव मांटेसरी स्कूल में श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गार्ड्स, ड्राइवर, आया आदि को सम्मानित किया। विद्यालय की डायरेक्टर ऊषा गहलोत ने विद्यार्थियों को श्रमिक दिवस के महत्व बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में श्रमिकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और हमें उनके कार्य का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने श्रमिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को उनके साथ समान व्यवहार करने और उनके योगदान की सराहना के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज के निर्माण और हमारे दैनिक जीवन को सुचारू रखने में श्रमिकों का योगदान महत्वपूर्ण है। इस दौरान विद्यार्थियों ने कर्मचारियों के सम्मान में ग्रीटिंग भेंट कर उनका आभार जताया।

## न्यूज डायरी



### एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में एचडी कैडेट्स का प्रदर्शन उत्कृष्ट

झज्जर। प्रदेश की नौसेना यूनिट 1 एचआर एनसीसी फरीदाबाद द्वारा महेंद्रगढ़ में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एचडी स्कूल साल्हावास के एनसीसी कैडेट्स का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के सीटीओ महेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर में अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों के केडेट्स ने भाग लिया। शिविर में आयोजित रस्साकशी प्रतियोगिता में प्रियांशु जाखड़, वैभव यादव, जतिन जाखड़ और सहज कुमार की टीम ने प्रतिद्वंदी टीम को पछाड़ते हुए सिल्वर मेडल तथा रुद्रांश ने ड्रिल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, प्राचार्या प्रीति राठी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### अधिवक्ता की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

झज्जर। शहर के छारा चुंगी क्षेत्र में अधिवक्ता की चाकू मारकर हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक अन्य आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक सरिता ने बताया कि गांव सिलानी निवासी जगत सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई अजीत कुमार की टीम ने मामले में एक आरोपी अशोक निवासी निलोठी जिला झज्जर को जो पहले से ही किसी अन्य आपराधिक मामले में करनाल जेल में बंद है। जिसको पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के पश्चात आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



### जनता से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें अधिकारी : एसडीएम

बेरी। वीरवार को आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्या के जल्द समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण, अवैध कब्जों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। समाधान शिविर में प्रमुख तौर से प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें दर्ज की गई। एसडीएम ने कहा कि लोगों की शिकायतों का निवारण करना ही सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है। समाधान शिविर सरकार और जनता के बीच संवाद को मजबूत करता है।



### ज्ञान भारतम मिशन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

झज्जर। ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य को गति देने के उद्देश्य से वीरवार से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिप सीईओ मनीष फौगाट ने बताया कि जिले में उपलब्ध पांडुलिपियों के व्यवस्थित और समयबद्ध सर्वेक्षण को लेकर जिलाभर में आगामी 16 जून तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान को लेकर 1 मई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न ब्लॉकों के कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से सर्वेक्षण की प्रक्रिया का तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत लाइब्रेरी, धार्मिक स्थलों, ट्रस्ट, निजी स्वामित्व और गुरुकुलों में संरक्षित पांडुलिपियों का डिजिटल सर्वेक्षण किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र में झज्जर, बेरी बादली, माछरौली एवं बहादुरगढ़ ब्लॉक के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



### पेंटिंग व स्केचिंग कंपीटिशन में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

झज्जर। एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विश्व मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में पेंटिंग व स्केच कंपीटिशन का आयोजन किया गया। कंपीटिशन में पांचवीं से बाहरवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि प्रातःकालीन सभा में सभी विद्यार्थियो को लेबर-डे के विषय बारे जानकारी दी गई। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने श्रमिकों को देश का मुख्य कर्णधार बताया। स्कूल एचओडी रविंद्र लोहचब ने विद्यार्थियों को श्रमिकों के कठिन जीवन की जानकारी दी। भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने विद्यार्थियों की पेंटिंग व स्केचिंग का रिजल्ट तैयार किया। कंपीटिशन के सभी विजेता विद्यार्थियों को स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया ने सम्मानित करते हुए देश के श्रमिकों की अथक मेहनत को नमन किया।



### समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

झज्जर। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के निपटान के दौरान संबंधित नागरिक से संवाद बनाए रखें तथा फीडबैक प्रणाली को सुदृढ़ करें, ताकि समाधान की गुणवत्ता और नागरिक संतुष्टि सुनिश्चित हो सके। शिविर में गांव छारा निवासी किसान सूबे सिंह ने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर निर्धारित समयावधि में अपनी गेहूं की फसल का पंजीकरण करवाया था। फसल अनाज मंडी छारा में पहुंचने के बावजूद रिकॉर्ड में उसकी भूमि को खाली दर्शाया गया है, लिहाजा उसे उपज का भुगतान प्राप्त नहीं हो पा रहा था। समाधान शिविर में शिकायत रखने पर समस्या का समाधान हो पाया।

खबर संक्षेप

## नियम उल्लंघन पर चौदह स्कूल बसों के चालान काटे

**बहादुरगढ़।** पुलिस ने बहादुरगढ़ में स्कूल बसों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह के निर्देश पर यातायात प्रबंधन निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में किया गया। अभियान के दौरान 70 स्कूल बसों की जांच की गई। बसों में फिटनेस, फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, जीपीएस, सीसीटीवी, चालक के दस्तावेज, स्टाफ की वर्दी और पहचान पत्र जैसी जरूरी व्यवस्थाओं को परखा गया। साथ ही ओवरलोडिंग और बच्चों की सुरक्षा के लिए सहायक की मौजूदगी भी जांची गई।

## हर बुधवार को बादली में लोगों से मिलेंगे डीसीपी



**बहादुरगढ़।** बादली क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए डीसीपी मयंक मिश्रा ने अहम कदम उठाया है। अब वे प्रत्येक बुधवार को बादली स्थित लघु सचिवालय के पुलिस कार्यालय में बैठकर क्षेत्र के लोगों की शिकायतें सुनेंगे और उनके समाधान के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेंगे। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना है।

## नगर परिषद की बजट बैठक अब दो मई को

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद की बजट बैठक आगामी दो मई को सुबह 10 बजे परिषद के मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता चेयरपर्सन सरोज राठी करेंगी। इस संबंध में सूचना जारी कर दी गई है। इससे पहले परिषद की बैठक तीन बार बुलाई जा चुकी है, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से बैठक स्थगित करनी पड़ी। दो बार पार्षदों की अनुपस्थिति के कारण बैठक नहीं हो सकी, जबकि तीसरी बार पार्षदों की उपस्थिति के बावजूद बजट पर सहमति नहीं बन पाई और बैठक फिर टालनी पड़ी। ऐसे में अब 2 मई की बैठक में बजट पारित हो पाता है या नहीं, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत होने से परिवारों में छाया मातम

# कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार किसान की मौत, महिला घायल

छारा में अलग-अलग स्थानों पर कुछ ही देर में एक ही कार से हुए हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। परिजनों के बयान दर्ज करती पुलिस। फोटो: हरिभूमि

गांव छारा में बीती रात को रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक कार ने बुजुर्ग महिला और बुलेट बाइक सवार किसान को टक्कर मार दी। हादसे में किसान की मौत हो गई। जबकि महिला को काफी चोट आई है।

आरोपी कार चालक भी गांव छारा का ही रहने वाला है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 45 वर्षीय कृष्ण के रूप में हुई है। छारा का निवासी कृष्ण पेशे से किसान था और तीन बच्चों का पिता था। जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर शाम को वह अपनी बुलेट बाइक पर सवार होकर खेत में जा रहा था। वह सर्विस रोड से झज्जर की ओर चला। इसी दौरान पीछे से एक ओरा कार आई और बाइक से टकरा गई। टक्कर लगते ही कृष्ण बाइक सहित दूर जा गिरा। उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसकी जान चली गई। आरोप है कि हादसे के बाद कार एक बार रुकी और फिर चालक मौके से फरार हो गया। मामले में सामने आया है कि कृष्ण को टक्कर मारने से पहले कार ने बेरी रोड पर एक बुजुर्ग महिला राम भतेरी को भी टक्कर मारी थी, जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गई। उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवाया गया। वीरवार को परिजनों के बयान के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी गई। आरोपी कार चालक की पहचान हो गई है। वह गांव का ही रहने वाला है। पुलिस ने नामजद केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।


झज्जर। पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव लकड़िया के नजदीक अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से जा टकराई जिस कारण बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहतक जिले के आजादगढ़ निवासी करीब 38 वर्षीय राजेश पुत्र रतनलाल के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी सुमित ने बताया कि राजेश बुधवार को किसी काम से दुजाना आया था। रात करीब दस बजे जब वह वापिस रोहतक लौट रहा था तो लकड़ियां गांव के पास उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से जा टकराई। परिजनों के बयान पर इतिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।


बहादुरगढ़। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एसडीएम अभिनव सिवाच।

## एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**बहादुरगढ़।** एसडीएम अभिनव सिवाच ने वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। शिविर में परिवार पहचान पत्र, सिंचाई विभाग, बीडीपीओ, हरियाणा राज्य परिवहन विभाग, जमीन से संबंधित शिकायतें आईं। इसके निवारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि लोगों की शिकायतों का निवारण करना ही सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है। समाधान शिविर सरकार और जनता के बीच संवाद को मजबूत करता है। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस अवसर पर नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार, ग्रीवेंस कमेटी मेंबर विक्रम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फेयरवेल पार्टी में छात्राओं ने एक दूसरे के साथ साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। प्रिंसिपल व शिक्षकों के साथ मिस फेयरवेल। फोटो: हरिभूमि

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालयमें बीएससी और एमएससीअंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए फेयरवेल समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन का यह चरण नई संभावनाओं और जिम्मेदारियों की शुरुआत है। विज्ञान क्षेत्र में छात्राओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास में उनके योगदान पर जोर दिया। रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष कोमल हुड्डा ने छात्राओं को एआई युग के अनुरूप अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर विकसित करने की सलाह दी। समारोह में डॉ. भारती मिश्रा, स्वीटी, वैशाली, रॉकी, कुमारी काजल, रेखा, प्रवेश, डॉ. शालू, डॉ. नेहा, डॉ. मनजीत, कुसुम, रितु और शीतल सहित अन्य प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने छात्राओं को शुभाशीष दिया। कार्यक्रम के दौरान गीत, नृत्य और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। मिस फेयरवेल के खिताब से बीएससी की सौम्या, एमएससी भौतिक विज्ञान की नेहा और रसायन विज्ञान की किया को सम्मानित किया गया।

# पलक, पारुल व मुस्कान बनीं मिस फेयरवेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। समारोह में मौजूद प्रिंसिपल व शिक्षक।

राजकीय महिला महाविद्यालय में वीरवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या अलका गुलाटी ने की। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आकर्षक नृत्य, मधुर गायन तथा विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण आनंदमय हो गया। समारोह में बीएससी की पारुल, बीकॉम की पलक और बीए की मुस्कान को मिस फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया। इसके अलावा कृप्या को मिस पर्सनैलिटी तथा उर्वशी को मिस ब्यूटीफुल चुना गया। कार्यक्रम की साज-सज्जा अत्यंत सुंदर ढंग से की गई, जिसकी सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। मंच संचालन लुभावना व निधि ने कुशलतापूर्वक किया।

## पीटीएम में छात्राओं की शिक्षा व स्वास्थ्य पर जोर

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक में छात्राओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में करीब 150 अभिभावकों ने भाग लिया। विद्यालय की प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने अभिभावकों को विद्यालय में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए किए गए बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं को पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ-साथ एसयूपीडब्ल्यू, एआई आधारित शिक्षा भी ग्रहण करनी चाहिए।

## बढ़ते रेल हादसों पर जताई चिंता

**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर के पास रेलवे ट्रैक पर लगातार हादसे हो रहे हैं। बीते कुछ ही समय में यहां आधा दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। इन हादसों पर नागरिक मंच बहादुरगढ़ ने गहरा दुख और चिंता व्यक्त की है। मंच के संयोजक रामकिशन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें, जल्दबाजी न करें। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नागरिक मंच ने प्रशासन और रेलवे विभाग से भी आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रेल लाइन पार करते समय लापरवाही बरतने, रील बनाने या अन्य जोखिमपूर्ण गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ रेलवे सख्त कार्रवाई की जाए। छोटूराम नगर के पास अंडरपास या ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए ताकि सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। रात के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए। स्टेशन के दोनों ओर टिकट खिड़कियों की व्यवस्था की जाए, जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके। मंच ने रेल मंत्रालय से भी आग्रह किया है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके और नागरिकों की जान बचाई जा सके।


बहादुरगढ़। नए पदाधिकारियों का अभिनंदन करते साथी अधिकारी व कर्मचारी।

## केंद्रीय परिषद में चुने गए पदाधिकारियों का अभिनंदन

**बहादुरगढ़।** एचएसईबी वर्कर यूनियन की बहादुरगढ़ यूनिट द्वारा वीरवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हाल ही में केंद्रीय परिषद में चुने गए प्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र देशवाल व चीफ एडवाइजर पंकज वशिष्ठ को सम्मानित किया गया। बहादुरगढ़ यूनिट के कर्मचारियों ने दोनों पदाधिकारियों को फूलों और नोटों की मालाओं से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन यूनिट प्रधान सुमित देशवाल ने किया। समारोह में उपप्रधान नरेंद्र बेनीवाल, जेई रामप्रसाद, सर्कल सचिव विजेंद्र फोगाट, यूनिट सचिव अमित शर्मा, रविंद्र देशवाल सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## हिंद केसरी कुश्ती ट्रायल पांच मई को

**बहादुरगढ़।** आगामी पांच मई को प्रस्तावित हिंद केसरी कुश्ती ट्रायल को लेकर बहादुरगढ़ के शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी स्टेडियम में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र नफे सिंह राठी ने स्टेडियम पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अखाड़े की स्थिति, मैट की गुणवत्ता, खिलाड़ियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सुविधाएं और सुरक्षा प्रबंधों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और कोचों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं, ताकि आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो सके। बता दें कि सतारा महाराष्ट्र में 52वीं वरिष्ठ राष्ट्रीय भारतीय शैली हिंद केसरी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की टीम का चयन पांच मई को इन्हीं ट्रायल्स के माध्यम से किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी पुणे में आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।


बहादुरगढ़। तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जितेंद्र नफे सिंह राठी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

### जीडी गोयनका में श्रमिक दिवस पर कर्मयोगियों का किया सम्मान

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में दिखी हरियाणवी संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व स्कूल के कर्मचारी।

एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में एक समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन विद्यालय के उन कर्मठ सहयोगियों को समर्पित था, जिनके निरंतर परिश्रम से परिसर सुव्यवस्थित और सुसज्जित रहता है। कार्यक्रम का उद्देश्य उनके प्रति सम्मान, आभार और स्नेह व्यक्त करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत मधुर स्वागत गीत से हुई, जिसने वातावरण को उल्लास और आदर से भर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने एक प्रभावशाली लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें हमारे इन सुपरहीरोज के त्याग, समर्पण और उनके अनिवार्य महत्व को जीवंत रूप में दर्शाया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की कड़ी में विद्यार्थियों ने हरियाणवी और राजस्थानी लोकनृत्य पेश कर समां बांध दिया। प्रिंसिपल ने अपने संबोधन में इन कर्मियों को विद्यालय की नींव बताते हुए उनके योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। वहीं निदेशक शैलजा जून ने अपने संदेश में कहा कि संस्थान की उपलब्धियों के पीछे इन्हीं मेहनती हाथों की भूमिका होती है और उनका सम्मान सर्वोपरि है। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वयं निर्मित शुभकामना पत्र और उपहार भेंट कर आभार प्रकट किया। इस स्नेहपूर्ण पहल से भावुक हुए सभी सहयोगियों के चेहरों पर संतोष झलक उठा।

खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। समारोह में शिक्षकों के साथ छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

## जसोरखेड़ी कॉलेज में विदाई समारोह कार्यक्रम

**बहादुरगढ़।** गांव जसोरखेड़ी स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में तृतीय वर्ष की छात्राओं के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें रितु को मिस पर्सनैलिटी तथा राखी को मिस फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षणडॉ. प्रियंका, डॉ. सुनैना, डॉ. सुनील, डॉ. सुनील एवं डॉ. अनिल आदि ने छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए जीवन में निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया।


बहादुरगढ़। शिविर में की जा रही श्रमिकों की जांच। फोटो: हरिभूमि

## शिविर में श्रमिकों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**बहादुरगढ़।** कन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के सहयोग से वीरवार को गणपति धाम स्थित शुभ दृष्टि लैमिपैक प्राइवेट लिमिटेड परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में कर्मचारियों की जांच की गई। शिविर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी के मार्गदर्शन तथा कोबी के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के संचालन में कंपनी के निदेशक अभय सिंघी और राहुल सिंघी का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने आश्वस्त किया कि किसी भी कर्मचारी को गंभीर बीमारी के उपचार या आवश्यक चिकित्सा उपकरण की जरूरत होने पर यथासंभव निःशुल्क सहायता प्रदान की जाएगी। शिविर में कांता देवी जय प्रकाश जैन ट्रस्ट का भी योगदान रहा।


बहादुरगढ़। ट्रॉफी और शिक्षकों के साथ विजेता छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

## इंटर स्कूल डिबेट में त्रिवेणी की टीम अव्वल

बहादुरगढ़। त्रिवेणी स्कूल की छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की छात्राएं कनिष्का वशिष्ठ और इशिका शर्मा ने करियर लॉन्चर द्वारा आयोजित इंटर-स्कूल अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान दोनों छात्राओं ने अपनी प्रभावशाली वक्तृत्व शैली, सशक्त तर्क और आत्मविश्वास से निर्णायकों को प्रभावित किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल विद्यालय, बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों को भी गर्व का अनुभव कराया। विद्यालय की निदेशिका संगीता वर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास का परिणाम है। वहीं वाइस प्रिंसिपल अनिल कुमार ने भी छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रतिभा और अभिव्यक्ति कौशल ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके निरंतर प्रगति करने की आशा व्यक्त की।


बहादुरगढ़। बच्चों की शिक्षा पर चर्चा करते शिक्षक व अभिभावक।

## पीटीएम में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा

**बहादुरगढ़।** पीडीएम पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के बारे में अभिभावकों को जानकारी देना रहा। बैठक में विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ सुमन हुड्डा, शिक्षकों तथा बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र के प्रदर्शन, व्यवहार और सुधार के क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही अभिभावकों को यह भी बताया गया कि वे घर पर बच्चों की पढ़ाई और व्यक्तित्व विकास में कैसे सहयोग कर सकते हैं। विद्यालय की प्रिंसिपल ने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच समन्वय से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने अभिभावकों से नियमित रूप से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने और विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की और अपने सुझाव साझा किए।


बहादुरगढ़। प्राचार्य दलबीर सिंह को सम्मानित करते शिक्षक।

## सम्मान और भावनाओं के साथ प्राचार्य को दी विदाई

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ के प्राचार्य दलबीर सिंह की सेवानिवृत्ति पर वीरवार को महाविद्यालय परिसर में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-प्राचार्या सुमन हुड्डा ने की। समारोह की शुरुआत उप-प्राचार्या द्वारा प्राचार्य दलबीर सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करने से हुई। इस अवसर पर उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद भविष्य और समृद्धि की कामना की। कॉलेज काउंसिल और एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों ने भी प्राचार्य को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी सेवाओं की सराहना की। परंपरागत तरीके से सम्मान व्यक्त करते हुए स्टाफ सदस्यों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाईं, वहीं वरिष्ठ सदस्यों ने पगड़ी बांधकर और लोई ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में प्राचार्य की माता और धर्मपत्नी भी उपस्थित रहीं, जिन्हें महाविद्यालय परिवार एवं महिला स्टाफ द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई स्टाफ सदस्यों ने मंच से प्राचार्य के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनके मार्गदर्शन और कार्यशैली की प्रशंसा की। मित्रों और परिजनों ने भी उनके जीवन से जुड़े प्रेरक संस्मरण सुनाए तथा कॉलेज परिवार के प्रति आभार जताया। अपने विदाई संबोधन में प्राचार्य दलबीर सिंह भावुक हो उठे। उन्होंने पूरे स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए अपने कार्यकाल की यादें साझा कीं और महाविद्यालय की निरंतर प्रगति की कामना की।